# सोनीपत जिला

## 1. सोनीपत जिला एक नज़र में

| | |
|---|---|
| जिले की स्थापना | 22 दिसम्बर 1972 |
| शहर की स्थापना | अर्जुन के 13वें वंशज सोनी द्वारा |
| नामकरण | श्रवण कुमार के नाम पर सोनीपत नाम पड़ा |
| प्राचीन नाम | सोनप्रस्थ / स्वर्णप्रस्थ |
| क्षेत्रफल | 2260 वर्ग किमी |
| उपनाम | स्वर्ण नगरी / गोल्डन नगरी, एजुकेशन सिटी |
| विधानसभा सीटें | गन्नौर, खरखौदा, गोहाना, बरौदा, राई, सोनीपत |
| तहसील | सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, खरखौदा |
| उपतहसील | राई, खानपुर कलां |

hrgk.in

**ध्यान दें:** मेजर होशियार सिंह (सिसाना गांव, सोनीपत) हरियाणा के एकमात्र परमवीर चक्र विजेता हैं (1972) — यह तथ्य परीक्षा में अक्सर पूछा जाता है।

## 2. ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल

### इतिहास

सोनीपत नाम संस्कृत शब्द **'सुवर्णप्रस्थ'** (सोने की जगह) से बना माना जाता है। एक लोकप्रिय मान्यता के अनुसार यह महाभारत में वर्णित पाँच प्रस्थों (इंद्रप्रस्थ, पानीपत, तिलपत, बागपत व सोनीपत) में से एक है, जिन्हें युधिष्ठिर ने दुर्योधन से मांगा था; महाभारत में इसे 'स्वर्णप्रस्थ' कहा गया है। शहर में अब्दुल्ल नसीरुद्दीन की मस्जिद (निर्माण 1272), ख्वाजा ख्विज्र का मकबरा (निर्माण लगभग 1522-25) तथा एक पुराने किले के अवशेष मौजूद हैं। यहाँ हिंदुओं का बाबा धाम मंदिर भी प्रसिद्ध है। सोनीपत दिल्ली को अमृतसर से जोड़ने वाले रेलमार्ग पर स्थित है।

### प्राचीन मां काली मंदिर

सोनीपत में स्थित यह मंदिर लगभग **6000 वर्ष पुराना** माना जाता है। कहा जाता है कि कुरुक्षेत्र के युद्ध पर जाने से पहले पांडवों ने यहाँ प्रार्थना कर विजय हेतु मां काली का आशीर्वाद लिया था; पांडवों ने ही मंदिर के पास एक कुएं का निर्माण भी करवाया था, जिसे 'पांडव के बेल' के नाम से जाना जाता है।

### बढ़ खालसा

नौवें गुरु श्री **गुरु तेग बहादुर जी** की शहादत के बाद, भाई जैता जी उनका कटा हुआ सिर लेकर आनंदपुर साहिब की ओर परिश्रमपूर्वक चल पड़े थे। इस कठिन यात्रा के दौरान उन्हें कुछ समय रुकना पड़ा था, और उन्होंने बढ़ खालसा (सोनीपत) में विश्राम किया था।

## 3. जिले की अन्य महत्वपूर्ण बातें

### ऐतिहासिक समयरेखा

- **1272** अब्दुल्ल नसीरुद्दीन की मस्जिद का निर्माण हुआ।
- **1522–25** ख्वाजा ख्विज्र का मकबरा बना।
- **1972** मेजर होशियार सिंह को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।
- **22 दिस 1972** सोनीपत जिले की स्थापना हुई।
- **1973** राई में स्पोर्ट्स विद्यालय की स्थापना हुई (आगे चलकर मोतीलाल खेल विश्वविद्यालय बना)।
- **2006** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
- **2009** ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
- **2014** IIIT किलोहड़ की स्थापना हुई।
- **2022** राई के स्पोर्ट्स विद्यालय को मोतीलाल खेल विश्वविद्यालय का दर्जा मिला।

### तीर्थ एवं मेले

- **सतकुम्भा तीर्थ** – सोनीपत में स्थित।
- **रक्षाबंधन का मेला** – श्रावण की पूर्णमासी को सोनीपत में लगता है।
- **बाबा रामकशाह मेला** – फाल्गुन की पूर्णमासी को लगता है।
- **सतकुम्भा का मेला** – खेड़ी गुज्जर गांव में लगता है।
- **बाबा डेरा नाथ बालकनाथ का मेला** – रमड़ा गांव में लगता है।

hrgk.in

## धार्मिक स्थल

- **गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा** – सोनीपत में स्थित।
- **पीर जमाल की मजार** – गोहाना; हिंदू-मुस्लिम एकता की प्रतीक मानी जाती है।
- **मामा-भांजा की दरगाह** – गोहाना; हिंदू-मुस्लिम एकता की प्रतीक मानी जाती है।
- **गुरु तेगबहादुर स्मारक** – सोनीपत में स्थित।
- **शंभू नाथ का मंदिर** – नहारी गांव में स्थित।
- **शेषशैय्या पर लेटे भगवान विष्णु की मूर्ति** – फिजिलपुर गांव में स्थित।

## ऐतिहासिक स्थल

- **खिज्र खां का मकबरा** – निर्माण इब्राहिम लोधी द्वारा; पठान शैली में।
- **अकबरी दरवाजा** – बरेटा गांव में स्थित।
- **गोहाना का किला** – निर्माण पृथ्वीराज चौहान द्वारा; फिरोज शाह तुगलक ने नष्ट कर दिया था।
- **ब्रिटिश समय की तहसील** – सोनीपत में स्थित रही।

hrgk.in

## पर्यटन स्थल एवं झीलें

- **चकौर पर्यटन स्थल** – सोनीपत में स्थित।
- **एथनिक इंडिया** – राई (सोनीपत) में स्थित।
- **डाबर झील** – मुरथल (सोनीपत) में स्थित।
- **देहवाली झील** – मुरथल (सोनीपत) में स्थित।

## शिक्षण संस्थान

- **पं. लखमीचंद आर्ट एंड कल्चर यूनिवर्सिटी** – अटेरना (सोनीपत) में स्थित।
- **भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय** – खानपुर कलां; स्थापना 2006।
- **भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय लॉ यूनिवर्सिटी** – सोनीपत में स्थित।
- **ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय** – सोनीपत; स्थापना 2009।
- **मोतीलाल खेल विश्वविद्यालय** – राई; 2022 में दर्जा (1973 में स्पोर्ट्स विद्यालय के रूप में शुरु हुआ था)।
- **राष्ट्रीय कुश्ती अकादमी** – प्रदेश में सोनीपत में स्थित है।
- **राजीव गांधी एजुकेशन सिटी** – कुंडली (सोनीपत) में स्थित।

- **IIIT (Indian Institute of Information Technology)** – किलोहड़ गांव; स्थापना 2014।

### उद्योग एवं कृषि

- **मशरुम / खुंबी उत्पादन** – सोनीपत इसके लिए प्रसिद्ध है।
- **ककरोई सूक्ष्म जल विद्युत परियोजना** – ककरोई गांव; यह पश्चिमी यमुना नहर पर स्थित है।
- **हॉर्टिकल्चर फल व सब्जी मंडी** – गन्नौर में देश की अत्याधुनिक मंडी स्थित है।
- **मसाला मंडी** – सेरसा गांव में प्रदेश की मसाला मंडी स्थित है।
- **मारुति सुजुकी का प्लांट** – खरखौदा; कंपनी का तीसरा व सबसे बड़ा प्लांट।

## 4. महान व्यक्तित्व

| नाम | परिचय / योगदान |
|---|---|
| **बाबू मूलचंद जैन** | सिकंदरपुर माजरा गांव; 'हरियाणा के गांधी' नाम से प्रसिद्ध। |
| **अरुण जैमिनी** | गोहाना; हास्य कवि। |
| **ताशी व नुंगशी मलिक** | पर्वतारोही; एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाली भारत की पहली जुड़वां बहनें। |
| **मेघना मलिक** | अभिनेत्री। |
| **मिमांसा मलिक** | पत्रकार; मेघना मलिक व मिमांसा मलिक दोनों बहनें हैं। |
| **पं. लख्मीचंद** | सांगी (लोक कलाकार); जाटी कला गांव; 1903–1945; गुरु मानसिंह। |
| **दीपचंद बहमन** | सांगी; सिहरी खांडा गांव; 'हरियाणा का कालिदास' व 'हरियाणा का शेक्सपियर' कहा जाता है; गुरु छाजूराम। |
| **पं. मांगेराम** | सांगी; 'कवि शिरोमणि' नाम से प्रसिद्ध। |
| **बाजे भगत** | सांगी; सिसाना गांव। |
| **मेजर होशियार सिंह** | सिसाना गांव; हरियाणा के एकमात्र परमवीर चक्र विजेता (1972)। |
| **अनु कुमारी** | 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान की जिला स्तरीय ब्रांड एंबेसडर। |
| **सुमित कुमार** | फील्ड हॉकी खिलाड़ी; टोक्यो ओलंपिक 2020 कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य। |

hrgk.in

| | |
|---|---|
| **सुमित अंतिल पूनिया** | खेवड़ा गांव; टोक्यो पैरालंपिक 2020 जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक। |
| **रवि दहिया** | नाहरी गांव; टोक्यो ओलंपिक 2020 (57kg) रजत पदक; मेजर ध्यानचंद खेल रत्न 2021। |
| **योगेश्वर दत्त** | भैंसवाल गांव; राष्ट्रमंडल खेल 2010 स्वर्ण पदक; लंदन ओलंपिक 2012 कांस्य पदक। |
| **दीपा मलिक** | भैंसवाल गांव; रियो ओलंपिक 2016 शॉटपुट रजत पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी। |

hrgk.in